# NTA UGC NET

## PSYCHOLOGY

## SOLVED SAMPLE PAPER

*(Hindi Medium)*



* DETAILED SOLUTIONS
* NEW SYLLABUS
* NEW PATTERN

9001894070

www.vpmclasses.com

समय– 2 घण्टे ( प्रश्नपत्र II ) अधिकतम अंक : 200

नोट : इस प्रश्नपत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का हैं। सारे प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

---

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार करे :

1. संचार की समृद्धि में आंख का सम्पर्क महत्व रखता है

2. प्रभावी संचार के लिए प्रतिपूर्ति आवश्यक नहीं है

3. हाव–भाव, भाव–भंगिमा, हाथ की गति, मुखाभिव्यक्ति की उपयोग संचार में सहायता करते है

4. प्रश्न पूछना दुर्बल ढंग से सुनने की प्रक्रिया को दर्शाता है।

उपरोक्त में से कौन–से कथन सही है ?

(1) 1, 2 और 3 (2) 1 और 4

(3) 1 और 3 (4) 1, 2, 3 और 4

2. 'निर्देश के वैयक्तिक क्रम' जिसमें पढ़ाया जाने वाले विषय को विभिन्न खंडों में बांट दिया जाता है और प्रत्येक खंड पर विद्यार्थियों के निष्पादन का मूल्यांकन कर उन्हे अपनी गति में दूसरे खंड में जाने की अनुमति दी जाती है, का प्रतिपादन निम्नांकित में से किया गया ?

(1) फ्रेड केलर द्वारा (2) फ्रैंक की गिलब्रेथ द्वारा

(3) एल्डरफर द्वारा (4) एल्टन मेयो द्वारा

3. सीखने के अंतरण के संबन्ध में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/है ?

1. सीखने के अंतरण का धनात्मक या ऋणात्मक प्रभाव का अभाव शून्य अन्तरण को व्यक्त करता है

2. सीखने के अन्तरण को प्रायः प्रशिक्षण का अंतरण या अंतरण प्रभाव कहा जाता है

3. सीखने का अंतरण विशिष्ट अथवा अविशिष्टि हो सकता है

4. अविशिष्ट अन्तरण सदा ही धनात्मक प्रकार का होता है जबकि विशिष्ट अंतरण धनात्मक अथवा ऋणात्मक अथवा शून्य हो सकता है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूट की सहायता से करे :

VPM CLASSES

कूट :

(1) 1, 2, 3 और 4
(2) केवल 4
(3) 2 और 3
(4) 2 और 4

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. कोशिका संग्रहण प्रत्यक्षण की एक मौलिक इकाई है तथा साधारण प्रत्यक्षण का एक दैहिक आधार है।

2. हेब्स के अनुसार प्रत्यक्षण का अधिकतर अंश जन्मजात ने होकर अर्जित होता है

3. प्रैग्नाज का नियम के अनुसार प्रत्यक्षीकरण में हमेशा नियमितता , सहजता एवं एकता पायी जाती है।

4. परिधीय नियम तथा केन्द्रीय नियम पर आधारित होता है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूट की सहायता से करे :

कूट :

(1) 1, और 3
(2) 2, 3 केवल 4
(3) 3 और 4
(4) 1, 2, 3 और 4

5. सर्वप्रथम यह किसने बताया कि आकार – दूरी सम्बन्धी को प्राणी अपने अनुभव से सीखता है?

(1) हेल्महोल्ट्स
(2) जे. जे. गिब्सन ने
(3) बोअर ने
(4) बनस्विक ने

6. चमक स्थिरता का सम्बन्ध वस्तु के

(1) रंगहीन पहलू से होता है
(2) रंगीन पहलू से होता है
(3) रंगहीन और रंगीन दोनो पहलू से होता है
(4) इनमें से कोई नहीं

VPM CLASSES

7. वातावरण की उत्तेजनाओं से हुई अनुभूति या अभ्यास के फलस्वरूप व्यक्ति की उस क्षमता में हुई वृद्धि को क्या कहा जाता है? जिसके द्वारा वह वातावरण से अधिक से अधिक सूचनाओं के ग्रहण कर पाता है?

(1) प्रत्यक्षज्ञानात्मक स्थिरता
(2) प्रत्यक्षज्ञानात्मक स्थिरता सीखना
(3) प्रत्यक्षज्ञानात्मक स्थिरता निगरानी
(4) प्रत्यक्षज्ञानात्मक स्थिरता रक्षा

8. अवधान को' उच्च अनुक्रियाशीलता की अवस्था' किसने कहा है ?

(1) लेफ्रानकोईस ने
(2) हन्टर तथा सिगलर ने
(3) नाइसर तथा बेकलेन ने
(4) मैटलिन ने

9. स्कीनर ने स्कीनर – बाक्स में पशु – व्यवहार का आरेखीय अध्ययन करने के लिए एक विशेष प्रविधि का प्रतिपादन किया । उसे कहा जाता है–

(1) वंचन
(2) मैगजीन प्रशिक्षण
(3) शेपिंग
(4) संचयी रेकार्डिग

10. हल के सिद्धान्त का एक महत्वपूर्ण संप्रत्यय आदत – परिवार अनुक्रम है। इस संप्रत्यय का तुल्य संप्रत्यय निम्नांकित में से कौन है?

(1) अन्तर्नोद ह्यस
(2) संज्ञानात्मक नक्शा
(3) आदत शक्ति
(4) साधन – साध्य तत्परता

11. टालमैन के अनुसार HATE का अर्थ है–

(1) Heredity - Age - Training - Endocrine
(2) Heredity - Animal - Trial- Endocrine
(3) Hypothesis - Age - Time Emphasizer
(4) Heredity - Age - Trial- Expectancy

12. सीखने के किस सिद्धान्त के लिए बाधा नहीं तो विस्मरण नहीं की औचित्य सही बैठती है ?

(1) टालमैन का सिद्धान्त के लिए
(2) गथरी का सिद्धान्त के लिए
(3) स्कीनर का सिद्धान्त
(4) हल का सिद्धान्त

13. निम्नलिखित में से किसने रेटिंग विधि की सहायता से निरर्थक पदों के साहचर्य मूल्यों अथवा सार्थकता का अध्ययन कर यह बताया कि निरर्थक पदों में सार्थकता न्यूनाधिक होती है?

(1) जे. ए. ग्लेज ने (2) सी. ई. नोबुल

(3) मिलर तथा सेल्फ्रिज ने (4) थार्नडाइक तथा लार्ज ने

14. फिट्स के अनुसार किसी कौशल को सिखने कि क्रिया तीन चरणों मे होती है, जो निम्नलिखित है :

1. साहचर्यात्मक

2. संज्ञानात्मक

3. स्वयत्त

किसी कौशल को सीखने कि क्रिया में सही क्रम क्या है।

कूट :

(1) 1, ,2, 3 (2) 3, 3 , 1

(3) 1 ,3, 2 (4) 2, 1, 3

15. क्रमिक अधिगम विधि का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?

(1) मिलर तथा सेल्फ्रिज ने (2) एबिंगहास ने

(3) बॉसफील्ड (4) अण्डरवूड तथा केप्पोल ने

16. प्रासंगिक स्मृति मापन के सन्दर्भ में निम्नांकित में से कौन बेमेल पद है?

(1) मुक्त प्रत्याह्वान (2) बचत विधि

(3) वाक्य सत्यापन (4) प्रत्याभिज्ञान

17. लघुकालीन स्मृति का निर्धारण करने के लिए विकर्षक प्रविधि का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया ?

(1) जॉन ब्राउन द्वारा (2) पेंटरसन एवं पेटरसन द्वारा

(3) बाइकलग्रेन द्वारा (4) A एवं b द्वारा

VPM CLASSES

18. वैलार्ड – विलियम्स घटना तभी स्पष्ट रूप से होते पायी जाती है जब –

(1) सीखी जाने वाली सामग्री उत्तम ढंग से संगठित हो एवं अर्थपूर्ण हो

(2) सीखी जाने वाली सामग्री अर्थपूर्ण हो, परन्तु उसमें सम्बद्धता हो

(3) सीखी जाने वाली सामग्री अर्थहीन हो, परन्तु उसमें असम्बद्धता हो

(4) सीखी जाने वाली सामग्री उत्तम ढंग से संगठित हो एवं अर्थहीन हो ।

19. सूची-**I** (शोधकर्त्ता) को सूची-**II** (शोध के क्षेत्र) के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) स्पेरी | 1. भाषा निम्नतर ललाट खण्ड क्षेत्र में कार्य करती है |
| (B) पेनफील्ड | 2. खण्डित मस्तिष्क |
| (C) ब्रोका | 3. भाषा टेम्पोरल एवं पेराइटल खंड के पार्श्व अंश में कार्य करती है। |
| (D) वर्निक | 4. स्मृतियों के लिए टेम्पोरल खंड का उद्दीपन |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (2) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (3) | 2 | 4 | 1 | 4 |
| (4) | 1 | 3 | 2 | 4 |

20. निम्नलिखित में से कौनसे एटकिंसन – शिफ्रिन प्रतिरूप के धटक है ?

1. अल्पकालिन भण्डार
2. पता रजिस्टर
3. दीर्घकालिक भण्डार
4. सांवेदिक रजिस्टर

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूट की सहायता से करे :

कूट :

(1) 2, और 3

(2) 1, 2 और 3

(3) 1, 3 और 4

(4) 1, 2, 3 और 4



VPM CLASSES

21. विभिन्न आयु पर किसी बच्चे के विकास के अध्ययन के लिए शोध की सही विधि है –

(1) अनुदैर्ध्य अध्ययन (2) सहसंबंध

(3) प्रयोगात्मक (4) क्रॉस – सेक्सनल

22. मुस्कुराहट का एक उदाहरण है–

(1) अशाब्दिक संप्रेषण (2) शाब्दिक संप्रक्षण

(3) अधोमुखी संप्रेषण (4) प्रभावहीन संप्रेषण

23. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म व्यक्ति की जीवन अवस्था एवं उसकी विकासपरक विशेषताओं के लिए सही नहीं है?

(1) शिशुकाल : विश्वास के ज्ञान का विकास

(2) मध्य बाल्यकाल : उत्तरदायित्व भागीदारी का अधिगम

(3) किशोरावस्था : वृद्ध माता – पिता से समायोजन

(4) आरंभिक प्रौढावस्था : संतुष्टकारी जीवन दर्शन का विकास

24. यह ज्ञात है कि बहुत तरह के जीन्स के प्रभाव जन्म के समय स्पष्ट नही होते हैं, परंतु उनका प्रभाव समय बीतने पर स्पष्ट होता है। निम्नांकित में से कौन इस घटना का उदाहरण है –

1. हंटिगटन का कोरिया 2. डाऊन संलक्षण

3. प्रमस्तिष्कीय पालसी 4. गंजापन

नीचे दिये गये कूट संकेतो के आधार पर सही उत्तर का चयन करे।

कूट :

(1) 1, और 4 (2) 1 और 2

(3) 2 और 3 (4) 3 और 4

25. निम्नांकित में से कौन ऐसा जननिक विकृति का उदाहरण है जिससे मानसिक मंदता उत्पन्न होता है ?

(1) क्रेरिन्जिम (2) मीकेयू

(3) टर्नर्स (4) ए. डी. एच. डी

VPM CLASSES

26. निम्नलिखित में से किस नियम से संप्रत्यय निमार्ण में सफलता मिलना निश्चित नहीं होता है

(1) एल्गोरिदमिक नियम (2) स्वतः शोध नियम

(3) समुच्चयबोधक नियम (4) वियोजक नियम

27. पियाजे के अनुसार अनुकूलन के दो प्रकार होते हैं जो निम्नांकित में से कौन है ?

(1) आत्मसात्करण (2)साम्यधारण तथा संरक्षण

(3) स्कीम्स तथा स्कीमा (4) विकेन्द्रण तथा केन्द्रण

28. निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया में व्यक्ति प्राप्य विकल्पों में से किसी को चुनता है तथा अन्य को अस्वीकृत कर देता है ?

(1) वास्तविक चिन्तन (2) निर्णय करना

(3) तय करना (4) चुकिंग

29. निम्नांकित में से किस एक को छोडकर सभी समस्या समाधान में बाधक सिद्ध होते है ?

(1) वृत्ति (2) उत्तेजन

(3) कार्यात्मक स्थिरता (4) आगे की ओर उत्तरोत्तर बढ़ना

30. व्यक्ति निर्णय प्रक्रिया की क्षतिपूर्ति मॉडल का उपयोग तब करते है जब –

(1) खतरा कम होता है (2) खतरा अधिक होता है

(3) अन्य लोग उनका प्रेक्षण कर रहे होते है (4) समस्या सरल होता है

31. मैक्स वर्दाइमर ने तीन तरह के चिन्तन –a, b ओर y के बीच अंतर किया हैं उनके अनुसार a प्रकार के चिन्तन से तात्पर्य उत्पादी चिन्तन से होता है। इस तरह के चिन्तन में व्यक्ति –

(1) साधन को साध्य से जोड़ने की कोशिश करता है

(2) साध्य ओर साधन के साथ कोई सम्बन्ध नही रखता है

(3) साध्य को साधन से जोडने की कोशिश करता है

(4) स्वयं को साधन के साथ जोड़ने की कोशिश करता है।

32. किस प्रकार का चिन्तन निगमानात्मक होता है ?

(1) अभिसारी चिन्तन (2)सर्जनात्मक चिन्तन

(3)आलोचनात्मक चिन्तन (4) स्वली चिन्तनी

VPM CLASSES

33. चिन्तन के परिधीय सिद्धान्त में से किसे महत्वपूर्ण माना गया है ?

(1) पेशीय क्रियाओं को (2) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र को

(3) संवेदी उतेजनाओं को (4) उपयुक्त सभी

34. सूची-I (सम्प्रत्यर्य) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) सिलाजिज्म | 1. निगमनात्मक तर्क का एक प्रकार जिसमें एक प्रमुख आधार वाक्य, एक गौण आधार वाक्य और एक तार्किक निष्कर्ष होता है |
| (B) तर्कणा | 2. यथार्थपरक चिंतन प्रक्रिया जो तथ्यों का एक सेट से निष्कर्ष निकालती है |
| (C) प्रतिरूप चिन्तन | 3. मानसिक प्रतिकों को निर्मित करने की क्षमता जो उन वस्तुओं या घटनाओं के प्रतीक होते है जो उपस्थित नहीं है। |
| (D) मूल्यांकन | 4. निर्णय की प्रक्रिया का उत्पाद |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 4 | 3 | 2 | 1 |

35. लुचिस की जल – पात्र समस्या का सम्बनध है –

(1) मानसिक सेट को प्रयोगिक अध्ययन से (2) सामाजिक सिखना सिद्धान्त से

(3) स्वतः शोध सिद्धान्त से (4) अवधान विस्तार से

36. प्यास एक तरह की –

(1) चक्रीय आवश्यकता है (2) अचक्रीय आवश्यकता है

(3) विशिष्ट आवश्यकता है (4) सामान्य आवश्यकता है।

VPM CLASSES

37. वुडवर्थ  तथा स्कोल्सवर्ग के अनुसार –

(1) सिर्फ कमी की शारीरिक अवस्था को आवश्यकता कहा जाता है

(2) सिर्फ अति की शारीरिक आवश्यकता को अपश्यकता कहा जाता है

(3) कमी और अति दोनो की शारीरिक अवस्था को आवश्यकता कहा जाता है

(4) भूख व प्यास की अवस्था को आवश्यकता कहा जाता है।

38. एनगियोटेनसिन II एक ऐसा रासायनिक तत्व जिसके रक्त में मिलने से प्राणी –

(1) भूख का अनुभव करता है (2) प्यास का अनुभव करता है

(3) काम इच्छा तीव्र हो जाती है (4) नींद का अनुभव करता है।

39. कुछ लोग पुरूष तथा महिला दोनो के साथ यौन सम्बन्ध रखते है। ऐसे लोगो को कहा जाता है–

(1) समलिंगकामुक (2) लेसबियन

(3) उभयलिंगी (4) विषमलिंगी

40. जिन अभिप्रेरको को व्यक्ति अपने सामाजिक वातावरण में सीखता है, उन्हें कहा जाता है –

(1) अर्जित अभिप्रेरक (2) जन्मजात अभिप्रेरक

(3) अन्वेषण अभिप्रेरक (4) फलकारी अभिप्रेरक

41. आक्रामकता को कम करने का सबसे उत्तम तरीका कौनसा है ?

(1) दण्ड

(2) विरेचन

(3) आक्रामकता से ग्रसित व्यक्तियों में आक्रामकता से असंगत संवेग उत्पन्न करना

(4) आक्रामकता से ग्रसित व्यक्तियों को मनोरंजक कहानी सुनाना

42. बाल्यवस्था में दिये गए स्वतंत्रता प्रशिक्षण का सीधा संबध होता है –

(1) उपलब्धि आवश्यकता से (2) सम्बन्धन आवश्यकता से

(3) उत्तम संयोजन से (4) सत्ता की आवश्यकता से

43. पैनक्रियाज रक्त में चीनी के स्तर को एक विशेष हॉमोन्स के माध्यम से संतुलित बनाए रखता है। उस हॉमोन्स को नाम है–

(1) एस्ट्रोजेन
(2) इन्सुलिन –
(3) थायरक्सीन
(4) एन्ड्रोजेन्स

44. निम्नलिखित में से किसे संवेग का तत्व नहीं कहा जा सकता –

(1) आत्मगत अनुभूति
(2) स्वायत्त तंत्रिका तंत्र से नियंत्रित अंगो की सक्रियता
(3) आनन अभिव्यक्ति
(4) लक्ष्य निवेशित

45. संवेग में हाने वाले सांस की गति में परिवर्तन मापने के लिए निम्नांकित में से कौन अनुपयुक्त है?

(1) न्यूमोग्राफ
(2) शरीर प्लेथिसमोग्राफ
(3) गैसोमीटर
(4) क्रोनोमीटर

46. अल्फा मस्तिष्क तरंगों का निर्माण तब होता है जब व्यक्ति का संक्रियण स्तर –

(1) शून्य होता है
(2) काफी अधिक होता है
(3) काफी कम होता है
(4) साधारण होता है

47. निम्नलिखित समुच्चय में से कौन एक सामाजिक अभिप्रेरक का समुच्चय है ?

(1)उपलब्धि, सम्बन्धन, सत्ता एवं अनुमोदन
(2) उपलब्धि , सम्बन्धन काम इच्छा एवं अनुमोदन
(3) उपलब्धि , सम्बन्धन, अनूमोदन, भूख
(4) अपलब्धि, सम्बन्धन, अनुमोदन, प्यास

48. महिलाओं में गौण योन विशेषताओं का विकास निर्भर करता है –

(1) एण्ड्रोजेन्स पर
(2) एस्ट्रोजेन्स पर
(3) प्रोजेस्टीन पर
(4) इनमें से किसी पर भी नहीं

VPM CLASSES

49. कार्ल रोजर्स के अनुसार सबसे प्रमुख अभिप्रेरणात्मक अवस्था कौनसी होती है ?

(1) अनुरक्षण आवश्यकता
(2) संवृद्धि आवश्यकता
(3) वस्तुवादी प्रवृति
(4) आत्म – सम्मान

50. बत्तख के बच्चों में एक पंक्ति बनाकर एक दूसरे के पीछे चलने का अंकन व्यवहार का मशहूर अध्ययन किनके द्वारा प्रस्तुत किया गया था ?

(1) हेस
(2) कोनरेड
(3) हारलों
(4) हेरोन

51. अभिक्षमता किसे कहा जाता है ?

(1) व्यक्ति की अन्तःशक्ति जिसे प्रशिक्षण देकर उन्नत बनाया जा सकता है
(2) प्रशिक्षण देने के बाद व्यक्ति की उपलब्धि क्षमता को
(3) व्यक्ति की जन्मजात सामान्य क्षमता जो पूरी जिन्दगी में लगभग स्थिर सा रहता है।
(4) व्यक्ति की वह क्षमता जो सभी तरह के मानसिक क्रियाओं के करने में उभयनिष्ठ होता है।

52. उस मनोवैज्ञानिक का नाम बताइए जिसने सर्जनात्मकता के क्षेत्र में कार्य किये –

(1) कैटेल
(2) टॉरेन्स
(3) टरमैन
(4) मेरिल

53. कैटेल ने बुद्धि के सिद्धान्त में जैविक क्षमताओं को किस तरह की क्षमता के तहत रखा है?

(1) क्रिस्टलाइज्ड क्षमता
(2) अस्थिर या तरल क्षमता
(3) अर्थगत क्षमता
(4) स्मृति क्षमता

54. बिनेट साईमन मापनी का अमेरिका में कई संशोधन हुए निम्नांकित में से किस संशोधन में बुद्धि लब्धि संप्रत्यय को विकसित किया गया था ?

(1) 1916 का संशोधन
(2) 1937 का संशोधन
(3) 1960 का संशोधन
(4) 1986 का संशोधन

VPM CLASSES

55. नीचे दिये गए कथन एवं उनके कारण पद ध्यान दें और सहीं उत्तर का चयन करें।

**कथन** : एक 40 वर्ष की आदमी की बुद्धिलब्धि वही हो सकता है जो एक 20 साल के व्यक्ति का हो सकता है।

**कारण** : 40 वर्ष के व्यक्ति की बुद्धि प्रारम्भ में मंद रही होगी।

**कूट संकेत :**

(1) कथन सही है पर कारण गलत है

(2) कारण सही है पर कथन गलत है

(3) कथन और कारण दोनो सही है

(4) कथन और कारण दोनो गलत है

56. यह विचार की प्रतिक्रिया समय का सम्बन्ध बुद्धि से होता है, का सम्बन्ध किससे है ?

(1) जेन्सन से (2) स्टर्नवर्ग

(3) आइजेन्क (4) कैटेल

57. जो व्यक्ति तनुकमिजाजी होते है, उनमें –

(1) पीले पित्त की प्रधानता होती है (2) काले पित्त की प्रधानता होती है

(3) रक्त की प्रधानता होती है (4) श्लेष्मा की प्रधानता होती है।

58. एच. जे . आइजेन्क के अनुसार स्नायुविकृति के दूसरे धुव्र का नाम है–

(1) अन्तर्मुखता (2) वहिर्मुखता

(3) मनोविकृति (4) स्थिरता

59. उपयुक्त कार्यात्मक स्वायत्तता क्या है ?

(1) इसका तात्पर्य व्यक्ति के अर्जित अभिरूचि , मूल्य, मनोवृत्ति, उद्देश्य आदि से होता है।

(2) इसका तात्पर्य व्यक्ति के जन्मजात अभिप्रेरको से होता है।

(3) इसका तात्पर्य व्यक्तिगत ध्वंसात्मक प्रवृत्तियों से होता है।

(4) इसका तात्पर्य व्यक्ति के उन प्रवृत्तियों से हाता है जिसके सहारे वे असामाजिक शीलगुणों को विकसित करते है।

60. भ्रष्ट नेता द्वारा भष्ट्राचार के विरोध में भाषण देना निम्नांकित में से किस रक्षायात्मक प्रक्रम का उदाहरण है ?

(1) यौक्तिकीकरण (2) प्रतिक्रिया निर्माण

(3) प्रतिगमन (4) प्रक्षेपण

61. बोलने की भूल एक उदाहरण है –

(1) प्रतिक्रिया निर्माण का (2) पाराप्रेक्सेज का

(3) विस्थापन का (4) यौक्तिकीकरण का

62. कैरेन हार्नी के अनुसार '' मौलिक चिन्ता' का विकास कब होता है ?

(1) बाल्यावस्था में (2) किशोरावस्था में

(3) वयस्कावस्था में (4) वृद्धावस्था में

63. इरिक्सन के अनुसार , जननात्मकता को गुण किस अवस्था में विकसित होता है ?

(1) खेल अवस्था में

(2) मध्य वयस्कावस्था में

(3) तरूण वयस्कावस्था में

(4) परिपक्वता की अवस्था में

64. आधुनिक मनोविज्ञान में योग का कौन –सा प्रारूप मानवतावादी उपागम के काफी निकट है ?

(1) कर्म योग (2) ज्ञान योग

(3) राज योग (4) मंत्र योग

65. क्रम बद्ध असंवेदीकरण एक प्रमुख विधि है

(1) विश्रांति चिकित्सा की (2) जल चिकित्सा की

(3) चुम्बकत्व चिकित्सा की (4) उपरोक्त सभी की

66. स्वान प्रविधि का सम्बन्ध है

(1) आत्म विश्लेषण से (2) वैज्ञानिक प्रबंधन से

(3) कार्य डिजाइन से (4) व्यवहार मॉडलिंग से

VPM CLASSES

67. रेखीय अभिक्रमित अधिगम के विकास का आधार है

(1) सूझ या अन्तर्दृष्टि का सिद्धांत

(2) क्रिया प्रसूत अधिगम सिद्धान्त

(3) उद्दीपन–प्रतिक्रिया अधिगम सिद्धान्त

(4) सम्बद्ध– प्रतिक्रिया सिद्धान्त

68. दुर्घटना –प्रवणता के संबन्ध में निम्नांकित में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(1) दुर्घटनाओं की ग्रहणशीलता में वैयक्तिक भिन्नताओं का हाथ होता है

(2) दुर्घटनाएं अपने आप संयोगवश होती है

(3) कुछ कर्मचारी मनोवृति के क्षणिक परिवर्तन के कारण अधिक दुर्घटनाएं करते है अपेक्षाकृत उन कर्माचारियों के जो उन्ही परिस्थितियों में कार्यकर रहें होते हैं

(4) समान कार्य परिस्थितियों एवं समान कार्यविधियों में कुछ व्यक्ति दुर्घटनाओं के लिए उन्मुख होते है

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार करे :

कार्य विशिष्टीकरण

1. उस सीमा को निश्चित करता है, जहां तक एक संगठन में एक कार्य को अलग–2 छोटे कार्यो में बांटा जा सकता है

2. का मुख्य पक्ष यह है कि एक काम अकेले एक आदमी पूरा नहीं करता है

3. में विभिन्न व्यक्ति एक कार्य के अंश को संपादित करने में विशेषज्ञता प्राप्त करते है

उपरोक्त में से

(1) 1 और 2 सही है | (2) केवल 1 सही है

(3) 2 और 3 सही है | (4) 1, 2 और 3 सही है

70. कर्मचारी के असमायोजन और असंतोष का मूल कारण है

(1) लिंग | (2) आयु

(3) आकांक्षा स्तर | (4) शिक्षा

VPM CLASSES

**71.** हर्जवर्ग द्वारा किये गये कार्य संतोष के अध्ययन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करे :

1. कार्य में संपोषक कारक की उपस्थिति से कार्य असंतोष का स्तर ऊंचा होता है

2. कार्य में अभिप्रेरकों की अनुपस्थिति से कार्य असंतोष नहीं होती है

3. अंतर्वस्तु सम्बद्ध कारक की उपस्थिति से कार्य संतोष बढ़ता है।

उपरोक्त में से कौन–से कथन सही है ?

(1) 2 और 3 (2) 1 और 2 (3) केवल 3 (4) 1, 2, और 3

**72.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करे :

1. अभिवृत्तियां जन्मजात होती है

2. अभिवृत्तियां व्यक्तित्व की तत्परता वाली विशेषता होती है

3. अभिवृत्तियां चिंतन एवं व्यवहार को निर्देशित करती है

4. अस्थायी मनः स्थितियां तथा एक बार घटित होने वाले व्यवहार को अभिवृत्ति कहा जाता है

इन कथनों में कौन–सा/से कथन सही है/है ?

(1) 1, और 2 (2) 2 और 3 (3) 3 और 4 (4) 1, और 4

**73.** सूची–I (सम्प्रत्यय) को सूची–II (विवरण) के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता ये सही विकल्प का चयन कीजिए –

| सूची–I (सम्प्रत्यय) | सूची–II (विवरण) |
|---|---|
| (A) अभिवृत्ति | (i) किसी सामाजिक परिस्थिति में, किसी वस्तु के प्रति व्यक्ति का चिंतन, भाव एवं क्रिया |
| (B) रूढ़ियां | (ii) पूर्वकल्पित विचार जो विभिन्न समूह के बारे में बने रहते हैं |
| (C) भेदभाव | (iii) प्रकट व्यवहार में पूर्वाग्रह की अभिव्यक्ति |
| (D) विश्वास | (iv) इसमें पूर्व अनुभवों का सारांश निहित होता है |

कूटः

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**74.** जब लोग अपने ही व्यवहार एवं अभिवृत्ति में असंगतता देखते हैं तो वे अनुभव करते हैं

(1) मनोवैज्ञानिक प्रतिघात का (2) संज्ञानात्मक विसंगति का

(3) व्यवहार विभेद का (4) व्यवहारपरक असंगतता का

**75.** अन्तवैयक्तिक अंतराल एवं विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थितियों में इसका उपयोग के अध्ययन को कहा जाता है

(1) शरीर भाषा (2) अशाब्दिक संचार

(3) सामीप्य (4) सांस्थितिकी

**76.** प्रत्यक्षण की प्रक्रिया होती है :–

(1) संवेदन तथा व्यवहार करने की क्रिया के बीच की प्रक्रिया

(2) संवेदन तथा व्यवहार करने की क्रिया के बाद की प्रक्रिया

(3) संवेदन तथा व्यवहार करने की क्रिया के पूर्व की क्रिया

(4) संवेदन के पूर्व तथा व्यवहार के बाद की प्रक्रिया

**77.** आलपोर्ट के अनुसार एक अकेला शीलगुण जो व्यक्ति के समूचे व्यक्तित्व पर हावी रहता है वह है?

(1) गौण शीलगुण (2) कर्डिनल शीलगुण

(3) केन्द्रीय शीलगुण (4) इनमें से कोई नहीं

**78.** श्रवण सूचनाओ का प्रक्रमण किया जाता है ?

(1) पार्श्विक पालि के द्वारा (2) कपालस्थि पालि के द्वारा

(3) अनुकपाल पालि के द्वारा (4) ललाट पालि के द्वारा

VPM CLASSES

79. निम्नलिखित में से कौनसा बुद्धि परीक्षण शाब्दिक तथा अशाब्दिक दोनो है ?

(1) रैवेन प्रोगेसिव मैट्रीसेज (2) वेक्सलर बुद्धि मापनी

(3) स्टैनफोर्ड बिने परीक्षण (4) पीवादी चित्र शब्दावली।

80. जिन बच्चो की बुद्धिलब्धि 70 से 79 के बीच होती है उन्हे कहते है ?

(1) प्रतिभाशाली (2) सीमान्त मंद बुद्धि

(3) हीन बुद्धि (4) जड़ बुद्धि

81. खेल के मैदान में बालको के व्यवहार का अध्ययन किस प्रकार का शोध है ?

(1) प्रयोगात्मक शोध (2) प्रेक्षण

(3) सह सम्बन्धात्मक शोध (4) कालानुक्रमिक शोधा

82. बुद्धि तथा योग्यताओं के मापन में मनोवैज्ञानिक प्रायः किस प्रकार के मापनी का उपयोग करते है।

(1) अंतराल मापनी (2) अनुपात मापनी

(3) वर्गीकृत मापनी (4) क्रमसूचक मापनी

83. सामान्य वितरण मे $\pm 1\sigma$ प्रसार में कितने प्रतिशत प्राप्तांक आ जाते है ?

(1) 70.30% (2) 65.38%

(3) 68.26% (4) 90.32%

84. निम्नांकित में से कौन सा एक तंत्रिका पेशी संवेगो, अधिगम, स्मृति, जाग्रत अवस्था तथा भाव प्रबोधन के विनियमन में सदंमक की भूमिका निभाता है ?

(1) एसीटिलकोलीन (2) डोपामाइन

(3) नॉरएपिनेफ्रिन (4) सेरोटोनिन

85. निम्नांकित में स कौन आकृतियों के संगठन का नियम नहीं है ?

(1) समीपता (2) सान्निध्य

(3) निरन्तरता (4) बन्दी

VPM CLASSES

86. निम्नलिखित में से कौन सा एकलघुकालीन स्मृति में विस्मरण का कारण नही है ?

(1) ह्रास (2) चुकिंग

(3) विस्थापन (4) बाधा

87. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये :–

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (1) प्रतिचित्रात्मक स्मृति | 1. दुर्लभंग |
| (2) उपविस्तार लघुकालिक संचय | 2. क्रेक एवं लौक दृष्टि |
| (3) संसाधन के स्तर | 3. पेटरसन एवं पेटरसन |
| (4) प्रासगिंक स्मृति | 4. स्पर्लिंग |

कूट :–

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A | 4 | 1 | 3 | 2 |
| B | 3 | 2 | 1 | 4 |
| C | 4 | 3 | 2 | 1 |
| D | 4 | 3 | 1 | 2 |

88. "स्केप फ्रॉम फ्रीडम" नामक पुस्तक के लेखक कौन है ?

(1) इटिक फ्रोम (2) अल्फ्रेड एडलर

(3) केटेन हार्नी (4) इटिकडरिक्सन

89. चिन्तन का सबसे प्रमुख साधन है ?

(1) प्रतिमा (2) सप्रत्यय

(3) प्रतिज्ञप्ति (4) स्कीमां

90. युंग ने व्यक्तित्व के विश्लेषणात्मक सिद्धान्त में मन के चार प्रमुख कार्य बताये है जो कि निम्न है :–

1. संवेदन 2. चिन्तन 3. भाव 4. अन्तर्ज्ञान

उपरोक्त में से कौन से युंग के अनुसार तर्क संगत कार्य है ?

VPM CLASSES

(1) 1 ,2 और 3　　(2) 2 और 4

(3) 2 और 4　　(4) 1 ,3 और 4

**91.** आइजेक व्यक्तित्व अनुसूची मापन करती है ?

(1) सांवेगिक स्थिरता – अस्थिरता का

(2) अंतर्मुखता – बहिर्मुखता का

(3) मनोविक्षिप्तता का

(4) उपरोक्त सभी का

**92.** अभिकथन (1) :– लक्ष्य प्राप्त होते ही अभिप्रेरणात्मक व्यवहार समाप्त हो जाता है।

करण (R) :– अभिप्रेरणात्मक व्यवहार एक बार उत्पन्न होने के बाद तब तक चलता रहता है जब तक कि व्यक्ति को इच्छित उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हो जाती है।

**कूट** :–

(1) A और R दोनो सही है तथा R , A का सही स्पष्टीकरण है।

(2) A और R दोनो सही है।

(3) A सही है और R गलत है।

(4) A गलत है और R सही है।

**93.** रंग संवेदना की व्याख्या फोटो रासायनिक प्रतिक्रियाओं के आधार पर की गई है :–

(1) लैड – फ्रेंकलिन सिद्धान्त　　(2) व्यवहारवादी सिद्धान्त

(3) बॉड बेन्ट के सिद्धान्त　　(4) उपर्युक्त कोई नहीं

**94.** किसी कार्य के निष्पादन में बार – बार मिलने वाली असफलता के क्या परिणाम है ?

(1) निस्सहायता　　(2) विलोपन

(3) स्वतः पुनप्राप्ति　　(4) निर्योग्यता

**95.** विस्मरण का प्रतिपक्ष निम्न में से है ?

(1) दमन　　(2) प्रक्रमण

(3) संस्मरण　　(4) अग्रोन्मुखा

**96.** बुद्धि वंशागतिशीलता का सूत्र है ?

(1) $H = V_G / V_T$ (2) $H = V_T / V_G$

(3) $H = G_v / T_v$ (4) $H = V_T / V_c$

**97.** "उत्तम आकृति नियम" निम्न में से कौनसा है ?

(1) निकटता का नियम (2) सवंरण का नियम

(3) समानता का नियम (4) सममितता का नियम

प्रश्न 48 से 50 के लिये अनुदेश :–

निम्न सुचना को पढिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिये :–

"अभ्यास का नियम दो उपनियम है – (i) उपयोग का नियम (ii) अनुपयोग का नियम थार्नडाइक के अनुसार जब किसी प्रत्युत्तर की पुनरावृत्ति करके अभ्यास किया जाता है। तब उत्तेजक प्रत्युत्तर बंधन शक्तिशाली हो जाता है। परन्तु प्रत्युत्तर के अभ्यास के कारण यह बंधन कमजोर हो जाता है। उपयोग के नियम के अनुसार यदि कोई अनुक्रिया किसी परिस्थिति में बार – बार घटित होती है तो अनुक्रिया व परिस्थिति मे सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। तथा तब अनुक्रिया बार – बार नहीं घटित होती है तो उत्तेजना और अनुक्रिया का सम्बन्ध दुर्बल हो जाता है।

**98.** अभ्यास का नियम प्रतिपादन किया जाए :–

(1) स्कीन्नर (2) थार्नडाइक ने (3) हल ने (4) टालमैन ने

**99.** अभ्यास के कितने नियम है ?

(1) दो (2) तीन (3) एक ;4) कोई नहीं

**100.** उत्तेजना – अनुक्रिया का सम्बन्ध दुर्बल हो जाता है इस क्रिया में कौन सा उपनियम लागू होगा?

(1) अनुपयोग का नियम (2) उपयोग का नियम

(3) (1) व (2) दोनो (4) कोई नहीं।

VPM CLASSES

| Question | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Answer | 3 | 1 | 1 | 4 | 1 | 1 | 2 | 1 | 4 | 2 | 1 | 2 | 1 | 4 | 2 | 2 | 4 | 1 | 3 | 3 |
| Question | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| Answer | 1 | 1 | 3 | 2 | 2 | 2 | 1 | 3 | 4 | 2 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 3 | 2 | 3 | 1 |
| Question | 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 | 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| Answer | 3 | 1 | 2 | 2 | 4 | 3 | 1 | 2 | 3 | 2 | 1 | 2 | 2 | 1 | 1 | 3 | 1 | 4 | 1 | 2 |
| Question | 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 | 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| Answer | 2 | 1 | 4 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 4 | 3 | 1 | 4 | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| Question | 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 | 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| Answer | 2 | 1 | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 1 | 1 | 3 | 4 | 2 | 1 | 1 | 3 | 1 | 4 | 2 | 1 | 1 |

## HINTS AND SOLUTIONS

**1.(3)** **1**) संचार की प्रक्रिया में आंख का प्रत्यक्षण बहुत महत्व रखता है क्योकि प्रत्यक्षण के बाद ही हमें उत्तेजना होती है।

**2**) हाव–भाव , हाथ की भाति की गति एवं मुखाभिव्यक्ति संचार सहायता करते है।

**2.(1)** अभिक्रमित अनुदेशन की इस निर्देश वैयत्तिकक क्रम का निर्माण फ्रेड केलट ने किया था जिसमें प्रत्येक खण्ड पर विद्यार्थी का निष्पादन मूल्याकंन किया जाता है।

**3.(1)** जब एक क्रिया के सीखने का प्रभाव दूसरी क्रिया पर पड़ता है तो इसे सीखने का अन्तरण कहते है। इसमें शून्य अन्तरण भी होता है। इसे प्रशिक्षण का अतंरण भी कहते है। यह अतंरण विशिष्ट या अविशिष्ट कुछ भी हो सकता है।

**4.(4)** **1**) कोशिका शरीर की मौलिक इकाई है अतः यह प्रत्यक्षण का दैहिक आधार हैं।

2) प्रत्यक्षण का अधिकतर अंश अर्जित होता है।

3) प्रैग्नाज के नियम के अनुसार प्रत्यक्षण में एकता होती है।

**5.(1)** आकार–दूरी सम्बन्ध को प्राणी अपने अनुभव से सीखता है। यह सर्वप्रथम यंग हेल्महोल्ट्ज ने प्रतिपादित किया था।

**6.(1)** चमक का अर्थ प्रकाश की प्रात्यक्षिक तीव्रता से है चमक में परिवर्तन वर्ण तथा अवर्ण दोनों में हो सकता है। अतः चमक स्थिरता पहलू से सम्बन्धित होता है।

**7.(2)** प्रत्यक्षज्ञानात्मक स्थिरता सीखना में वातावरण की उत्तेजनाओं से हुई अनुभूति या अभ्यास के फलस्वरूप व्यक्ति की उस क्षमता में हुई वृद्धि से है।

**8.(1)** अवधान की अवस्था में अस्थिरता एवं उच्चलन दोनो की क्रिया होती है। तथा लेफ्रानकोड्स ने अवधान को उच्च अनुक्रिया शीलता की अवस्था कहा है।

**9.(4)** संचयी रिकॉर्डिंग विधि में चुहो द्वारा किये व्यवहार को एक आलेख पर दिखाई किया जाता है। जिसके **x**–अक्ष पर समय तथा **y**–अक्ष पर अनुक्रिया होती है।

**10.(2)** हल के सम्प्रत्यय आदल–परिवार अनुक्रम को संज्ञानात्मक नक्शा भी कहते है। जो टॉलमैन से सम्बन्धित है। हल के सिंद्वात में 17 स्वंय सिद्धियाँ है। सभी सिद्धियाँ संज्ञान से जुडी हुई है।

**11.(1)** टालमैन के अनुसार उत्तेजना प्रतिक्रिया में सम्बन्ध सीखने में प्रयोज्य को शक्ति संकेत–संकेतन प्रत्याश से मिलती है। इसमें **Heredity-Age-Training-Endocrine** का अर्थ है।

**12.(2)** इनके सिद्धान्त के अनुसार उद्दीपका तथा अनुक्रिया के बीच मे साहचर्य पुनर्बलन के आधार पर स्थापित नहीं होता है। बल्कि सामीत्यता के आधान पर होता है। अतः बाधा नहीं होने पर विस्मरण नहीं होता है।

**13.(1)** ग्लेज ने 1928 में निरर्थक पदो का साह्चर्य मूल्य ज्ञात करने का पहला प्रयास किया था। तथा बताया कि निरर्थक पदों में सार्थेता न्यूनाधिक होती है।

**14.(4)** फिट्श के अनुसार किसी कौशल को सीखने की क्रिया तीन चरणों में होती है। जो निम्नलिखित है।

1) संज्ञानात्मक

2) साहचर्यात्मक

3) स्वायत

**15.(2)** क्रमिक या अनुक्रमिक सीखना विधि का सर्वप्रथम प्रयोग इविंगहॉस ने किया था। इस विधि में निरर्थक पदो को एक–एक करके कुछ सैकण्ड के लिए एक खास क्रम में दिखाया जाता है।

**16.(2)** स्मृति मापन की मुक्त प्रत्याहान, वाक्य–सत्यापन एवं प्रत्याभिज्ञान विधि में प्रयोज्य को एक बार सामग्री दिखायी जाती है। जबकि बचत विधि में पुनः प्रत्याह्मन का प्रावधान होता है।

**17.(4)** लघुकालीन स्मृति की अवधि अधिक से अधिक 20–30 सैकण्ड तक होती पाया गया है। इस तथ्य की संपुष्टि के लिए जॉन ब्राउन व पेटरसन एवं पेटरसन ने अध्ययन किया था।

VPM CLASSES

**18.(1)** जब सीखी जाने वाली सामग्री उत्तम ढ़ग से संगठित हो एवं अर्थपूर्ण हो तो वैलार्ड विलियम्स घटना में बड़े समय अन्तराल बीतने के बाद भी प्रत्याह्मन में संवृद्धि होती है।

**19.(3)** (शोधकर्त्ता) (शोध के क्षेत्र)

**A**) स्पेरी – खण्डित मस्तिष्क

**B**) पेनफील्ड – स्मृतियों के लिए टेम्पोरल खण्ड का उद्दीपन

**C**) ब्रोका – भाषा निम्नतर ललाट खण्ड क्षेत्र में कार्य करती है।

**D**) वीनक – भाषा टेम्पोलन एवं पेराइटल खण्ड के पार्श्व अंश में कार्य करती है।

**20.(3)** एटाकिसन – शिफ्रिन प्रतिरूप के घटक है।

**A**) अल्पकालिक भण्डार

**B**) दीर्घकालिक भण्डार

**C**) सांवेदिक रजिस्टर

**21.(1)** विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों की विकास के अध्ययन की शोध विधि अनुदैर्ध्य अध्ययन है क्योंकि बच्चो का विकास अनुदैर्ध्य दिशा में होता है।

**22.(1)** मुस्कुराहट एक अशाब्दिक संप्रेषण है। क्योंकि इस क्रिया में शब्दो का प्रयोग नहीं होता है। यह एक मुखाभिव्यक्ति है।

**23.(3)** किशोरावस्था :– जीवन की क्रान्ति अवधि होती है। क्योंकि इस अवस्था में बालकों में कई शारीरिक एव मानसिक वृद्धियाँ होती है।

**24.(2)** **A**) हंटिगटन ककोरिया

**B**) डाऊन संलक्षण

ऐसे रोग है जो कि जीन्स के प्रभाव से होते है इसमें गुण–सूत्र 46 न होकर 47 होते है। तथा इन रोगो के लक्षण समय बीतने के साथ दिखाई देते है।

**25.(2)** फेनिलकेटोन्यूरिया या पी.के.यू. **(PKU)** एक ऐसी मानसिक दुर्बलता है जिसका संबंध प्रोटीन चयापचयी में गड़बड़ी से होता है।

**26.(2)** एल्गोरिडमिक नियम समुच्चबोधक नियम तथा वियोजक नियम सम्प्रत्यय निर्माण में सहायक

होते है। जबकि स्वतः शोध या हयूरिस्टिक विधि से सफलता मिलना निश्चित नहीं है।

**27.(1)** पियाजे के अनुसार अनुकूली प्रक्रिया में जैविक–परिपक्वता अर्थात् आत्मसात्करण एवं वातावरण के साथ होने वाले समायोजन या अन्त क्रियाऐ सम्मिलित होती है।

**28.(3)** सम्प्रत्यय निर्माण की चयन विधि में प्रयोज्य सारे उद्दीपको में से संगत उद्दीपको को चुनता है बाकि को छोड़ देता है।

**29.(4)** समस्या समाधान को प्रभावित करने वाले कारक है। कार्यात्मक अटलता वृति , उत्तेजन, उद्भवन अवधान विस्तार विक्षिप्तीकरण आदि।

**30.(2)** व्यक्ति निर्णय निर्माण की प्रक्रिया की क्षतिपूर्ति मॉडल का उपयोग तब करते है जब खतरा अधिक होता है। ताकि उत्पन्न क्षति की पूर्ति की जा सके।

**31.(3)** उत्पादी चिन्तन में व्यक्ति साध्य को साधन से जोड़ने की कोशिश करता है तथा ये एक प्रकार का यथार्थवादी चिन्तन का प्रकार है।

**32.(1)** अभिसारी चिन्तन में व्यक्ति दिये गये तथ्यो के आधार पर सही निष्कर्ष पर पहुचंता है। तथा इस प्रकार की चिन्तन प्रक्रिया निगमानात्मक चिन्तन कहलाती है।

**33.(1)** परिधीय सिंद्धात को मध्यात्मक सिद्धान्त भी कहते है। इस सिद्धान्त के समर्थको का विचार है कि चिन्तन प्रक्रिया में मानसिक और शारीरिक प्रक्रियाऐ दोनों का महत्त्व है।

**34.(2)** (सम्प्रत्यय) (व्याख्या)

**A)** सिलोजिज्म – जिसमें एक आधार वाक्य या एक गौण वाक्य होता है।

**B)** तर्कणा – तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष निकलता है।

**C)** प्रतिरूप चिन्तन – मानसिक प्रतीको को निर्मित करने को क्षमता।

**D)** मूल्यांकन – निर्णय की प्रक्रिया उत्पाद

**35.(1)** मानसिक सेट एक ऐसी स्थिति है जिसमें वह दिये गये समस्या का समाधान करता है। लुचिस की जल–पात्र समस्या मानसिक सेट से सम्बन्धित है।

**36.(1)** प्यास एक चक्रीय आवश्यकता है क्योंकि आन्तरिक अंगो को पानी की आवश्यकता होती है। तथ इन अंगो में पानी के व्यय के कारण प्राणी पानी की आवश्यकता अनुभव करता है।

**37.(3)** कमी या अति को शारीरिक अवस्था को आवश्यकता कहा जाता है। यह अभिप्रेरणात्मक चक्र

VPM CLASSES

की पहली अवस्था होती है। क्योंकि किसी भी अभिप्रेरण की उत्पत्ति में सबसे पहले आवश्यकता है। उत्पन्न होती है।

**38.(2)** रक्त चाप में कमी होने से वृक्क से एक विशेष प्रकार का तरल पदार्थ रेनिन निकलता है। जिसके खून में मिलने से एक विशेष पदार्थ एनगियोटेर्नासन – **II** बनता है।

**39.(3)** जिन व्यक्तियों में पुरूष एवं मादा दोनों के यौन लक्षण पाए जाते है उन्हे उभयलिंगी कहा जाता है।

**40.(1)** ऐसे अभिप्रेरक जिन्हे व्यक्ति अपने जीवन काल में सामाजिक रूप से अपने को श्रेष्ट बनाए रखने के लिए सीखता है। ये अर्जित अभिप्रेरक कहलाते है।

**41.(3)** आक्रामकता एक जन्मजात अभिप्रेरक है तथा इस अभिप्रेरक में कमी लाने के लिए आक्रामकता से असंगत संवेग उत्पन्न करके इसमें कमी की जा सकती है।

**42.(1)** उपलब्धि अभिप्रेरक से प्रेरित होकर व्यक्ति अपने कार्य को उत्तम ढ़ंग से करता है। तथा जिन बच्चो को स्वतन्त्रता प्रशिक्षण दिया जाता है। उनमें उपलब्धि आवश्यकता उच्च होती है।

**43.(2)** पैनक्रियाज से एक विशेष हार्मोन इन्सुलिन स्त्रावित होता हैं जिसके माध्यम से रक्त में चीनी के स्तर को संतुलित बनाए रखा जाता है।

**44.(2)** संवेग में किसी न किसी प्रकार का भाव छिपा रहता है। जबकि स्वायत्त तंत्रिका तंत्र से नियन्त्रित क्रियागे अनैच्छिक क्रियाओं की श्रेणी में आती है।

**45.(4)** संवेग को अवस्था में सांस की गति में परिवर्तन होता है। जिसे विशेष उपकरण जैसे – न्यूमोग्राफ, गैसोमीटर तथा बॉडी प्लेथीसमाग्राफ द्वारा मापा जाता है।

**46.(3)** अतीव्र आँख गतिक नींद में व्यक्ति गहरी नींद में सोता है। तथा व्यक्ति की संवेदी प्रक्रियाएँ बहुत कम होती है। अतः इस स्वर पर अल्का मस्तिष्क तंरगो का निर्माण होता है।

**47.(1)** सामाजिक अभिप्रेरक का समुच्चय निम्न है।

उपलब्धि की आवश्यकता, सम्बन्धन की आवश्यकता स्तर एवं सत्ता की आवश्यकता, आक्रमणशीलता की आवश्यकता, अनुमोदन, आवश्यकता।

**48.(2)** जब रक्त में एस्ट्रोजन की मात्रा अत्यधिक होने लगती है तो स्त्रियो में गौण लैगिंक गुण जैसे– मासिक धर्म , प्रारम्भ होना, स्तन में वुद्धि, आवाज में परिवर्तन आदि होते पाया गया है।

**49.(3)** कार्ल रोजर्स के अनुसार सबसे प्रमुख अभिप्रेरणात्मक अवस्था वस्तुवादी प्रद्धति है। जिसमें व्यक्ति पूर्णरूप से कार्यशील व्यक्ति को कहा गया है।

**50.(2)** बत्तख के बच्चों में एक पंक्ति बनाकर एक दूसरे के पीछे चलने का अंकन व्यवहार का अध्ययन कोनरेड लोरेन्ज ने किया जो कि सम्बन्धन की आवश्यकता से सम्बन्धित है।

**51.(1)** अभिक्षमता किसी कार्य को करने की संभावित क्षमता है। अतः पूर्वानुमान करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

**52.(2)** टॉरेन्स ने सृजनात्मकता को मापने के लिए जिस प्रविधि का निर्माण किया है उसके दो भाग है। शाब्दिक भाग तथा आकृतिक भाग।

**53.(2)** कैट्टेल्ल के अनुसार तरल बुद्धि स्पीयरमैन के 9 कारक के समान है इसका निर्धारण वंशानुपात कारको द्वारा होता है।

**54.(1)** 1916 में बिने साईमन परीक्षण का सबसे महत्वपूर्ण संशोधन टरमैन ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में किया तथा इसी में बुद्धि–लब्धि का सम्प्रत्यय दिया।

**55.(1)** **कथन** :– एक 40 वर्ष के आदमी की बुद्धि–लब्धि 20 वर्ष साल के व्यक्ति के बराबर होती है। क्योंकि बुद्धि–लब्धि एक मानसिक योग्यता है जो अलग–अलग व्यक्त्यिों में अलग–अलग होती है। (कथन सही है।)

**कारण** :– 40 वर्ष के व्यक्ति की बुद्धि प्रारम्भ में भेद,तीव्र अलग, माध्यम किसी भी प्रकार की हो सकती है। अतः कारण गलत है।

**56.(3)** प्रत्येक व्यक्ति अलग–अलग क्रियाओ के अनुसार अलग–अलग प्रकार की प्रतिक्रियाऐ करता है अतः प्रतिक्रिया का सम्बन्ध बुद्धि से होता है। यह आइजेन्क ने बताया है।

**57.(1)** हिप्पोक्रट्स ने 400 **B.C.** में शरीर द्रवों के आधान पर व्यक्तित्व विश्लेषण किया जिस व्यक्ति में पीले पित्त की प्रधानता होती है। उस व्यक्ति का चित्त प्रकृति या स्वभाव चिड़चिड़ा होता है।

**58.(4)** आइजेन्क के अनुसार व्यक्तित्व के तीन प्रकार होते है।

अन्तमुर्खता – बहिर्मुखता , स्नायुविकृति – स्थिरता

मनोविकृतिता – पराहम की क्रिया

VPM CLASSES

**59.(1)** कार्यात्मक स्वायत्तता एक प्रेरणात्मक सम्प्रत्यय है इनकी उत्पति स्वतः हुई है यह है – अभिरूचि, मूल्य, मनोवृत्ति, उद्देश्य आदि।

**60.(2)** इस रक्षात्मक प्रक्रम में व्यक्ति अपने अहम् को किसी कष्टकर या अप्रिय इच्छा या प्रेरणा से ढीक उस इच्छा एवं प्रेरणा के विपरीत कार्य कर बचाता है इसे प्रतिक्रिया निर्माण कहते है।

**61.(2)** बालने की मूल एक उदाहरण हे पाराप्रेक्सेज का जिसमें व्यक्ति बोलना कुछ चाहता है परन्तु बोल कुछ ओर देता है।

**62.(1)** केरेन हार्नी के अनुसार मौलिक चिन्ता का विकास बाल्यावस्था में अकेलापन एवं निः सहायता से जुड़ी होती है।

**63.(4)** इरिक्सन के अनुसार जन्मनानता का गुण वृक्षावस्था में उत्पन्न होता है। क्योकि वृक्षावस्था अंतिम अवस्था है।

**64.(2)** ज्ञान–योग मानवतावादी उपागम के काफी निकट है क्योकि योग द्वारा व्यक्ति अपने वजन एवं तनाव का कम करता है।

**65.(1)** क्रमबद्ध असंवेदीकरण तकनीक व्यवहार चिकित्सा की व्यापक तकनीक है। जिसका उपयोग दुर्भीति एवं दुश्चिंता से जुड़े विकारो में होता है।

**66.(1)** स्वान प्रविधि का सम्बन्ध आत्म–विश्लेषण है इस प्रक्रिया में व्यक्ति मैडिटेशन के द्वारा अपने बारे मे विचार करता है तथा आत्म विश्लेषण करता है।

**67.(2)** रेखीय अभिक्रमित अधिगम को बी.एफ. स्किनर ने किया प्रसूत अधिगम के आधार पर विकसित किया जिसमें योजना के अनुसार शिक्षण एवं अधिगम शामिल है।

**68.(2)** दुर्घटनाएं अपने आप संयोगवश नहीं होती है इनके पीछे कोई न कोई व्यक्तिक, आर्थिक, भौतिक कारक जरूर कार्य करते है।

**69.(4)** कार्य विशिष्टीकरण का तात्पर्य होता है कार्यो को विशिष्ट क्षेत्रो में उनके उपयोग, अनुप्रयोग के आधार पर बांटना तथा कार्य को पूरा करने के लिए उसका समुचित वितरण करना।

**70.(3)** कर्मचारियों में असमायोजन ओर असंतोष का मूल–कारण उनका आकांक्षा स्तर अलग–अलग होना है क्योकि प्रत्येक कर्मचारी की आकांक्षा अलग–अलग होती है। जो कि उसमें असंतोष बढ़ाती है।

**71.(1)** हर्जबर्ग के अनुसार विषय कारको को संतोषक कारक कहते है तथा प्रसंग कारको को असंतोषक कारक कहा जाता है। अतः कथन 2 व 3 सही है।

**72.(4)** 1) अभिवृत्तिया सीखी हुई प्रवृत्तियाँ है यह जन्म जात नहीं हाती है।

2) अभिवृत्तियाँ स्थायी प्रकृति है जो एक बार घटित नहीं होती है बल्कि व्यक्ति के व्यवहार का मूल गुण है।

**73.(1)** (सम्प्रत्यय) (विवरण)

| (सम्प्रत्यय) | (विवरण) |
|---|---|
| **a**) अभिवृत्ति | – पूर्वकल्पित विचार |
| **b**) रूढिया | – प्रकट व्यवहार में पूर्वाग्रह की प्रवृत्ति |
| **c**) भेदभाव | – पूर्व अनुभवों से ग्रसित प्रवृत्ति |
| **d**) विश्वास | – किसी के प्रति चिन्तन भाव व क्रिया की प्रवृत्ति। |

**74.(2)** संज्ञानात्मक विसंगति – संज्ञानात्मक अवयवों के बारे असंगता की स्थिति संज्ञानात्मक विंसगति का उदाहरण है।

**75.(3)** व्यक्तिगत स्थान का अध्ययन सामीप्य विद्या कहलाती है। इसमें विभिन्न सामाजिक एवं सारंकृ तिक स्थितियों में अन्तवैयक्तिक अतंराल का अध्ययन किया जाता है।

76.**(1)** प्रत्यक्षण की क्रिया संवेदन की प्रक्रिया से प्रारम्भ होती है और किसी व्यवहार करने की क्रिया के पहले तक होती रहती है अतः प्रत्यक्षण की प्रक्रिया संवेदन तथा व्यवहार करने की क्रिया के बीच की प्रक्रिया होती है।

77.**(2)** कार्डिनल या प्रमुख शीलगुण इतना व्यापक होता है कि प्रत्येक व्यवहार इसी से प्रभावित होकर पाया जाता है जैसे गांधी में अंहिसा शीलगुण, आक्रामकता हिटलर का कार्डिनल शीलगुण था।

78.**(2)** श्रवण क्षेत्र या श्रवण वल्कुट जो दोनों गोलार्द्धो के शंख पालि में अवस्थित होता है जो कि कपालस्थि पाली भी कहलाती है।

79.**(2)** WAIS - III के दो भाग है – शाब्दिक मापनी तथा क्रियात्मक मापनी अतः ये शाब्दिक व अशाब्दिक दोनो परीक्षण हैं।

80.**(2)** 80 – 89 $\Rightarrow$ मंद

70 – 79 $\Rightarrow$ सीमान्त मन्द बुद्धि

60 – 69 $\Rightarrow$ मंद बुद्धि।

**81.(2)** खेल के मैदान में बालको के व्यवहार को देखना उसका अध्ययन करना प्रेक्षण कहलाता है।

**82.(1)** इस मापन की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें मापन की इकाई समान एवं स्थिर होती है यही कारण है कि इसे समान अन्तराल मापन भी कहते है।

**83.(3)** यह एक गणितीय वक्र है जिसे गासियन वक्र भी कहते है वक्र के सम्पूर्ण क्षेत्र का 68.26% भाग $\pm 1\sigma$ के प्रसार में पड़ता हैं।

**84.(2)** डोपामाइन यह एक तरह का केटकोलामाइन है जो केन्द्रिय तंत्रिका तंत्र में पाया जाता है ये न्यूरोट्रास मीटर है।

**85.(2)** समीपता, निरन्तरता, बन्दी, सामजंस्य व गति आदि आकृतियो के संगठन के नियम है। जबकि सान्निध्य नहीं है।

**86.(2)** निम्नलिखित में से कौन सा एक लघुकालीन स्मृति में विस्मरण का कारण नही है।

**87.(3)** प्रतिचित्रात्मक स्मृति $\Rightarrow$ स्पर्लिंग

प्रासगिंक स्मृति $\Rightarrow$ टुलभंग

उपविस्तार लघुकालिक $\Rightarrow$ पेटरसन एवं पेटरसन संचय

संसाधन के स्तर $\Rightarrow$ क्रेक एवं लौक हार्ट

**88.(1)** स्केप फ्राम फ्रीडम के लेखक इटिक फ्रोम थे।

**89.(1)** चिन्तन का सबसे प्रमुख साधन प्रतिमा है। जब व्यक्ति संवेदी अनुभूतियां आदि का प्रतिनिधित्व अपने मन में करता है तो इससे प्रतिमा का निर्माण होता है।

**90.(3)** युंग (Jug) के विश्लेषणात्मक सिद्धान्त में चिन्तन एवं भाव विचार सम्मिलित होते हैं।

**91.(4)** आइजेन्क (1974) में व्यक्तित्व के निम्न तीन प्रकार होते है जो द्विध्रुवीय है :–

(i) अन्तर्मुखता – बहिर्मुखता

(ii) स्नायुविकृति स्थिरता

(iii) मनोविकृतिता – पराहम् की क्रियाऐ

**92.(2)** प्राणी में आवश्यकता से अंतर्नोद उत्पन्न होता है तथा फिर लक्ष्य निर्देशित व्यवहार किया

जाता है तथा लक्ष्य की प्रप्ति होने पर अन्तनॉद में कमी हो जाती है। अतः अभिप्रेरणात्मक व्यवहार उद्देश्य की प्राप्ति तक चलता है।

**93.(1)** लैड फ्रेंकलिन ने 1892 में रंग संवेदना के विकास की तीन अवस्थाएं मानी है। इसी सिद्धान्त में रंग संवदना की व्याख्या फोटो रासायनिक प्रतिक्रियाओं के आधार पर की गयी है।

**94.(1)** जब प्रयास करने से कोई फायदा नहीं होता है तो वह प्रयास करना छोडकर निष्क्रिय एवं अन्यमनस्क होना सीख लेता है इस व्यवहार को निस्सहायता कहते है।

**95.(3)** संस्मृति या संस्मरण विस्मरण का प्रतिपक्ष होता है। क्योंकि इसमें समय बीतने से धारण में Îkl होने के बजाए मजबूती और श्रेष्ठता आती है।

**96.(1)** $H = V_G / V_T$

$H =$ वंशागतिशीलता अनुपात

$V_G =$ आनुवांशिक कारकों से उत्पन्न अन्तर

$V_T =$ सम्पूण परिवर्तनशीलता वंशागतिशीलता का प्रसार एक से शून्य तक।

**97.(4)** सममितता के नियम को उत्तम आकृति का नियम भी कहते है। क्योकि इसमें उसकी ज्यामितिक प्रत्यक्षण होता है।

**98.(2)** थार्नडास्क ने सीखने के तीन सिद्धान्त दियः–

(i) तत्परता का नियम

(ii) अभ्यास का नियम

(iii) प्रभाव का नियम

**99.(1)** अभ्यास के नियम के दो उपनियम है :–

(i) उपयोग का नियम

(ii) अनपयोग का नियम

**100.(1)** अनुपयोग के नियमानुसार परिस्थिति विशेष के प्रति जब अनुक्रिया बार बार नहीं होती है तो उत्तेजना अनुक्रिया का सम्बन्ध दुर्बल हो जाता हैं।

VPM CLASSES